राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूपुरा में डॉ० सुप्रिया ढांडा द्वारा दिया गया अतिथि व्याख्यान

आज दिनांक 25-04-2022 को सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ० सुप्रिया ढांडा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ में एक अतिथि व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान इतिहास विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ० सुप्रिया ढांडा द्वारा विद्यालय के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दिया गया। इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व एवम् मार्गदर्शन में हुआ। व्याख्यान का विषय- "इतिहास विषय में रोजगार की संभावनाएं" रहा। डॉ० सुप्रिया ढांडा ने अपने वक्तव्य में बताया कि आधुनिक युग प्रतियोगी परीक्षाओं का युग है आज एक सेवादार से लेकर आईएएस अफसर तक की नौकरी प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर मिलती है और इन परीक्षाओं में लगभग तीस से चालीस प्रश्न इतिहास विषय से संबंधित होते हैं, ऐसे परिप्रेक्ष्य में इतिहास विषय बेहद महत्त्वपूर्ण हो जाता है इसलिए इतिहास विषय को रटने की बजाए समझने पर बल देना चाहिए। अंत में विद्यार्थियों ने व्याख्यान के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता डॉ० सुप्रिया ढांडा ने व्याख्यापूर्ण विवरण दिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, के इतिहास विषय के प्राध्यापक श्री सुरेन्द्र ने अंत में डॉ० सुप्रिया ढांडा का इस अतिथि व्याख्यान हेतु आभार प्रकट किया। अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह ने बताया की सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत इतिहास विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ को अडॉप्ट किया है तथा समय-समय पर दोनों विभागों के मध्य इसी तरह भविष्य में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।